# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

## Public Relations Office

## Inauguration of Zila Rojgar Srijan Kendra

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 12-12-2022**

पहल | स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से हुआ शुरू, गौतम बुद्ध विवि के पूर्व कुलपति प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा व प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया उद्घाटन

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शुरू हुआ रोजगार सृजन केंद्र

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में रविवार को रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन किया गया। स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वाधान से स्थापित स्वरोजागर सृजन केंद्र का उद्घाटन गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के पूर्व कुलपति प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार द्वारा किया गया।

स्वदेशी जागरण मंच की देखरेख में देश में चलाए जा रहे स्वावलंबी भारत अभियान के तहत हरियाणा के सभी जिलों में रोजगार सृजन केंद्र खोले जाएंगे, जो युवाओं को रोजगार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ये केंद्र विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में स्थापित किए जाएंगे। अभियान के तहत युवाओं की मानसिकता में भी परिवर्तन लाया जाएगा ताकि वे रोजगार मांगने वाले नहीं, देने वाले बनें। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक खंड में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।



रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन करते प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा। संवाद



केंद्र के उद्घाटन पर उपस्थित प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा व प्रो. टंकेश्वर कुमार। संवाद

रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन करते हुए प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में देश में 37 करोड़ युवा हैं। भारत की जनसंख्या बहुत ज्यादा है। सभी को रोजगार उपलब्ध करवाना एक चुनौती का विषय है। हर माह नौ लाख युवा रोजगार के लिए बाजार में आ रहे हैं। इनके रोजगार की पूर्ति अकेले सरकार या कंपनियां नहीं कर सकती हैं, इसके लिए स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसे ध्यान में रखकर हम आगे बढ़ रहे हैं। इसके लिए उद्यमिता, स्वदेशी व सहकार उपाय सुझाएं हैं। इस पर शोध पत्र भी जारी किया गया है तथा एक पोर्टल भी शुरू किया गया है, जिसमें स्वरोजगार के सभी आयामों को जोड़ा गया है।

आने वाले समय में कुछ ऐसे मॉडल बनाने चाहिए जोकि बेरोजगारी को समाप्त करने में मददगार हों। उन्होंने छात्र-छात्राओं से भी इस तरह के स्टार्टअप तैयार करने का आह्वान किया। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार देश में 15 से 29 वर्ष की उम्र के 37 करोड़ युवा हैं। इनमें से केवल सात प्रतिशत युवाओं के लिए ही सरकारी नौकरियां उपलब्ध हैं। विडंबना है कि अधिकतर युवाओं में केवल नौकरी करने की मानसिकता है। इस मानसिकता को बदलने के लिए स्वरोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन किया गया है। डॉ. रणबीर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्थापित यह रोजगार सृजन केंद्र युवाओं को स्व-रोजगार के लिए प्रेरित करेगा।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 12-12-2022**

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में रोजगार सृजन केंद्र शुरू

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हकेंवि में रविवार को रोजगार सृजन केंद्र का उद्‌घाटन किया गया। स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वाधान से स्थापित स्वरोजगार सृजन केंद्र का उद्‌घाटन गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के पूर्व कुलपति प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा व विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार द्वारा किया गया। स्वदेशी जागरण मंच की देखरेख में देश में चलाए जा रहे स्वावलंबी भारत अभियान के तहत हरियाणा के सभी जिलों में रोजगार सृजन केंद्र खोले जाएंगे, जो युवाओं को रोजगार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ये केंद्र विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में स्थापित किए जाएंगे। अभियान के तहत युवाओं की मानसिकता में भी परिवर्तन लाया जाएगा ताकि वे रोजगार मांगने वाले नहीं, देने वाले बनें। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक खंड में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। रोजगार सृजन केंद्र का उद्‌घाटन करते हुए प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में देश में 37 करोड़ युवा हैं। भारत की जनसंख्या बहुत ज्यादा है। सभी को रोजगार उपलब्ध करवाना एक चुनौती का विषय है। हर माह 9 लाख युवा रोजगार के लिए बाजार में आ रहे हैं। इनके रोजगार की पूर्ति अकेले सरकार या कंपनियां नहीं कर सकती हैं, इसके लिए स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसे ध्यान में रखकर हम आगे बढ़ रहे हैं। इसके लिए उद्यमिता, स्वदेशी व सहकार उपाय सुझाएं हैं। इस पर शोध पत्र भी जारी किया गया है तथा एक पोर्टल भी शुरू किया गया है, जिसमें स्वरोजगार के सभी आयामों को जोड़ा गया है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कुछ ऐसे मॉडल बनाने चाहिए जोकि बेरोजगारी को समाप्त करने में मददगार हों। उन्होंने छात्र-छात्राओं से भी इस तरह के स्टार्टअप तैयार करने का आह्वान किया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार देश में 15 से 29 वर्ष की उम्र के 37 करोड़ युवा हैं। इनमें से केवल सात प्रतिशत युवाओं के लिए ही सरकारी नौकरियां उपलब्ध हैं। विडंबना है कि अधिकतर युवाओं में केवल नौकरी करने की मानसिकता है। इस मानसिकता को बदलने के लिए स्वरोजगार सृजन केंद्र का उद्‌घाटन किया गया है। डॉ. रणबीर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्थापित यह रोजगार सृजन केंद्र युवाओं को स्व- रोजगार के लिए प्रेरित करेगा और स्वरोजगार में आने वाली चुनौतियों और उनसे निपटने के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहेगा।

## स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से हुई शुरुआत



# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 12-12-2022**

# रोजगार सृजन केंद्र से युवा होंगे लाभान्वित

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में रविवार को रोजार सृजन केंद्र का उद्घाटन किया गया। स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वाधान से स्थापित स्वरोजागर सृजन केंद्र का उद्घाटन गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के पूर्व कुलपति प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार द्वारा किया गया।



रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन करते प्रो. भगवती प्रसाद (दाएं) व प्रो. टंकेश्वर ● जागरण

कुलपति ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच की देखरेख में देश में चलाए जा रहे स्वावलंबी भारत अभियान के तहत हरियाणा के सभी जिलों में रोजगार सृजन केंद्र खोले जाएंगे, जो युवाओं को रोजगार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ये केंद्र विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में स्थापित किए जाएंगे। अभियान के तहत युवाओं की मानसिकता में भी परिवर्तन लाया जाएगा ताकि वे रोजगार मांगने वाले नहीं, देने वाले बनें। रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन करते हुए प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में देश में 37 करोड़ युवा हैं। भारत की जनसंख्या बहुत ज्यादा है। सभी को रोजगार उपलब्ध करवाना एक चुनौती का विषय है। हर माह नौ लाख युवा रोजगार के लिए बाजार में आ रहे हैं। इनके रोजगार की पूर्ति अकेले सरकार या कंपनियां नहीं कर सकती हैं, इसके लिए स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। आने वाले समय में कुछ ऐसे माडल बनाने चाहिए जोकि बेरोजगारी को समाप्त करने में मददगार हों। उन्होंने छात्र-छात्राओं से भी इस तरह के स्टार्टअप तैयार करने का आह्वान किया। आंकड़ों के अनुसार देश में 15 से 29 वर्ष की उम्र के 37 करोड़ युवा हैं। इनमें से केवल सात प्रतिशत युवाओं के लिए ही सरकारी नौकरियां उपलब्ध हैं। विडंबना है कि अधिकतर युवाओं में केवल नौकरी करने की मानसिकता है। इस मानसिकता को बदलने के लिए स्वरोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन किया गया है।

**7 प्रतिशत युवाओं के लिए ही देश में सरकारी नौकरियां हैं उपलब्ध सभी को रोजगार दिलाना चुनौतीपूर्ण**

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 12-12-2022**

### स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से हुई शुरुआत

# हरियाणा केंद्रीय विवि में शुरू हुआ रोजगार सृजन केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में रविवार को रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन किया गया। स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वाधान से स्थापित स्वरोजागर सृजन केंद्र का उद्घाटन गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के पूर्व कुलपति प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार द्वारा किया गया।

स्वदेशी जागरण मंच की देखरेख में देश में चलाए जा रहे स्वावलंबी भारत अभियान के तहत हरियाणा के सभी जिलों में रोजगार सृजन केंद्र खोले जाएंगे, जो युवाओं को रोजगार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ये केंद्र विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में स्थापित किए जाएंगे। अभियान के तहत युवाओं की मानसिकता में भी परिवर्तन लाया जाएगा, ताकि वे रोजगार मांगने वाले नहीं, देने वाले बनें। विवि प्रशासिनक खंड में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन करते हुए प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में देश में 37 करोड़ युवा हैं। भारत की जनसंख्या बहुत ज्यादा है। सभी को रोजगार उपलब्ध करवाना चुनौती का विषय है। हर माह नौ लाख युवा रोजगार के लिए बाजार में आ रहे हैं।



महेंद्रगढ़। रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित अतिथि।

### युवाओं से स्टार्टअप तैयार करने का आह्वान

हर माह नौ लाख युवा रोजगार के लिए बाजार में आ रहे हैं। इनके के लिए रोजगार की पूर्ति अकेले सरकार या कंपनियां नहीं कर सकती हैं, इसके लिए स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसे ध्यान में रखकर हम आगे बढ़ रहे हैं। इसके लिए उद्यमिता, स्वदेशी व सहकार उपाय सुझाएं हैं। इस पर शोध पत्र भी जारी किया गया है तथा एक पोर्टल भी शुरू किया गया है, जिसमें स्वरोजगार के सभी आयामों को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कुछ ऐसे मॉडल बनाने चाहिए जोकि बेरोजगारी को समाप्त करने में मददगार हों। उन्होंने छात्र-छात्राओं से भी इस तरह के स्टार्टअप तैयार करने का आह्वान किया। हकेंवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार देश में 15 से 29 वर्ष की उम्र के 37 करोड़ युवा हैं।विडंबना है कि अधिकतर युवाओं में केवल नौकरी करने की मानसिकता है। इस मानसिकता को बदलने के लिए स्वरोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन किया गया है। डॉ. रणबीर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्थापित यह रोजगार सृजन केंद्र युवाओं को स्व-रोजगार के लिए प्रेरित करेगा।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 12-12-2022**

# हकेंवि में रोजगार सृजन केंद्र शुरू

## स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से हुई शुरुआत

महेंद्रगढ़, 11 दिसम्बर (मोहन, परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में रविवार को रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन किया गया।

स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान से स्थापित स्वरोजागर सृजन केंद्र का उद्घाटन गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के पूर्व कुलपति प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार द्वारा किया गया।

स्वदेशी जागरण मंच की देखरेख में देश में चलाए जा रहे स्वावलंबी भारत अभियान के तहत हरियाणा के सभी जिलों में रोजगार सृजन केंद्र खोले जाएंगे, जो युवाओं को रोजगार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ये केंद्र विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में स्थापित किए जाएंगे। अभियान के तहत युवाओं की मानसिकता में भी परिवर्तन लाया जाएगा ताकि वे रोजगार मांगने वाले नहीं, देने वाले बनें।



*हकेंवि में रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा व प्रो. टंकेश्वर कुमार अन्य गण्यमान्य अतिथि।*

## रोजगार सृजन केंद्र युवाओं को स्व-रोजगार के लिए करेगा प्रेरित

**उन्होंने** कहा कि आने वाले समय में कुछ ऐसे मॉडल बनाने चाहिएं जोकि बेरोजगारी को समाप्त करने में मददगार हों। उन्होंने छात्र-छात्राओं से भी इस तरह के स्टार्टअप तैयार करने का आह्वान किया।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार देश में 15 से 29 वर्ष की उम्र के 37 करोड़ युवा हैं। इनमें से केवल 7 प्रतिशत युवाओं के लिए ही सरकारी नौकरियां उपलब्ध हैं। विडंबना है कि अधिकतर युवाओं में केवल नौकरी करने की मानसिकता है। इस मानसिकता को बदलने के लिए स्वरोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन किया गया है।

डॉ. रणबीर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्थापित यह रोजगार सृजन केंद्र युवाओं को स्व-रोजगार के लिए प्रेरित करेगा और स्वरोजगार में आने वाली चुनौतियों और उनसे निपटने के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहेगा।

प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन करते हुए प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में देश में 37 करोड़ युवा हैं।

भारत की जनसंख्या बहुत ज्यादा है। सभी को रोजगार उपलब्ध करवाना एक चुनौती का विषय है। हर माह 9 लाख युवा रोजगार के लिए बाजार में आ रहे हैं। इनके रोजगार की पूर्ति अकेले सरकार या कंपनियां नहीं कर सकती हैं, इसके लिए स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

इसे ध्यान में रखकर हम आगे बढ़ रहे हैं। इसके लिए उद्यमिता, स्वदेशी व सहकार उपाय सुझाएं हैं। इस पर शोध पत्र भी जारी किया गया है तथा एक पोर्टल भी शुरू किया गया है, जिसमें स्वरोजगार के सभी आयामों को जोड़ा गया है।

विश्वविद्यालय के प्रशासनिक खंड में आयोजित इस कार्यक्रम में